तापमान
अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 25.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 19 मई 2024



16 बेटियों की पीएम मोदी ने जमकर की तारीफ




16 भाजपा प्रत्याशी को मिली संजीवनी



# MAHARANA PRATAP PUBLIC SCHOOL
## KURUKSHETRA

Continuing Its Legacy of Excellence in Board Results, MPPS Rocks Again....



DIVYANSHI-99.6%
**ALL INDIA RANK-3**
**DISTRICT RANK-1**

## Torch Bearers OF MPPS

CLASS X-OUR DISTRICT TOPPERS, OUR PROUD PRODIGIES

- SNEHA-98.8% — 4th in DISTRICT
- ANUSHKA-98% — 8th in DISTRICT
- KESHAV-97.6% — 10th in DISTRICT
- HITEN-97.4% — 11th in DISTRICT
- SUNEHA-97.4% — 11th in DISTRICT
- ANURAG-97.4% — 11th in DISTRICT
- YASHIKA-97.2% — 12th in DISTRICT
- GURPREET-97.2% — 12th in DISTRICT
- JANVI-96.8% — 14th in DISTRICT




## CLASS XII- OUR SCHOOL TOPPERS

- UDAY – 94.6% — NON-MEDICAL
- YASHIKA-94.2% — MEDICAL
- BHAWNA-93.6% — COMMERCE

## Congratulations Achievers!

### The Pratap Scholarship

**MPPS** offers a handsome scholarship in the form of substaintial concession in the tuition fee for the outstanding performance of the students in the class-X Board Examination & in the class-XI school examination

## Our Galaxy of Achievers! CLASS 10TH

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DIVYANSHI 99.6% | SNEHA 98.8% | ANUSHKA 98% | KESHAV 97.6% | HITEN 97.4 % | SUNEHA 97.4% | ANURAG 97.4% | YASHIKA 97.2% |
| GURPREET 97.2% | JANVI 96.8% | DIVYANSH 96.2% | ADITYA 96.2% | PLAKSHA 96% | YASHIKA 96% | KANISHK 95.8% | PARTH 95.8% |
| ADITI 95.8% | DIPANSHI 95.6% | PRIYANSHI 95.6% | VATSAL 95.6% | AKSHAT 95.6% | BHAWNI 95.4% | PARISHA 95.2% | PARTH 95.2% |
| ANSHDEEP 95% | HITASHI 94.8% | PARAKH 94.8% | PIYANSHI 94.6% | UDHAV 94.6% | ARNAV 94.4% | DIVYANJALI 94.4% | KRITIKA 94.2% |
| RIDHI 94.2% | HARSHIT 94.2% | SONALI 94% | HARMAN 94% | HEZAL 94% | MANNAT 94% | JAHNVI 93.8% | GARV 93.8% |
| AKSHITA 93.6% | ANGEL 93.6% | KABIR 93.4% | BHAVYA 93.4% | AVANTIKA 93.4% | PAWAN 93.2% | HARMAN 93.2% | VANSH 93% |
| NAVEEN 93% | SAKSHI 93% | NAVJOT 93% | VEDIKA 92.8% | AKSHITA 92.8% | VISHANT 92.8% | RUDRA 92.6% | MAITRI 92.4% |
| DHANANJAY 92.4% | ANNU 92.2% | PALAK 91.8% | MANNAT 91.8% | ABHINAV 91.8% | PRANJAL 91.4% | AKSHIT 91.4% | TUSHAR 91% |
| PRIYANSHI 91% | HARSH 90.8% | ADITI 90.8% | GARV 90.6% | KUNAL 90.6% | UDESHYA 90.4% | PRANAV 90.2% | VISHAKHA 89.8% |

### Result at a Glance

**Total Appeared 307**

| % RANGE | NO. OF STUDENTS |
|---|---|
| 94.6 - 100 | 29 |
| 89.6 & ABOVE | 72 |
| 75 & ABOVE | 196 |

**Subject Toppers**

| SUBJECTS | MARKS | STUDENTS |
|---|---|---|
| ENGLISH | 99 | DIVYANSHI, SNEHA ,ANUSHKA |
| SCIENCE | 100 | DIVYANSHI, PARTH |
| MATHS | 100 | DIVYANSHI, GURPREET, PARTH, HITEN, PARISHA |
| SOCIAL STUDIES | 100 | SNEHA |
| SANSKRIT | 100 | DIVYANSHI, SUNEHA, YASHIKA, ANUSHKA, DIPANSHI, AKSHITA, PARAKH, VATSAL, DIVYANSH, PARISHA, PRIYANSHI, AKSHITA, KABIR, HITESH |
| PUNJABI | 100 | SNEHA |
| HINDI | 97 | SNEHA, ANURAG, PRIYANSHI KUMARI |

## Our Steller Performers! CLASS 12TH

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UDAY 94.6% | YASHIKA 94.2% | SHABNAM 94.2% | ADITYA 93.8% | ANANYA 93.8% | BHAWANA 93.6 % | ARSHDEEP 93.4% | NATASHA 93.2% |
| AYUSH 93.2% | ANMOL 93.2% | PRACHI 93.2% | VISHESH 92.8% | ANSHIKA 92.4% | RAKSHIT 92.2% | VAIBHAV 92% | YUVRAJ 91.8% |
| YUNEEK 91.6% | MEHAK 91.6% | KESHAV 91.2% | JATIN 91.2% | PALAK 90.8% | NEHA 90.8% | NIPUN 90.6% | SATVIK 90% |
| | | | ABHINAV 90% | DEEP KIRAN 89.8% | KIRTI 89.8% | DEVANSH 89.6% | PARTH 89.6% |

### Result at a Glance

**Total Appeared 207**

| % RANGE | NO. OF STUDENTS |
|---|---|
| 94.6-100 | 1 |
| 89.6 & ABOVE | 29 |
| 75 & ABOVE | 140 |

**Subject Toppers**

| SUBJECTS | MARKS | STUDENTS |
|---|---|---|
| ENGLISH | 97 | ANANYA |
| ACCOUNTANCY | 96 | ANSHIKA |
| B.STUDIES | 96 | ANSHIKA, BHAWNA |
| ECONOMICS | 95 | ANMOL, PARTH |
| PHYSICS | 95 | UDAY, RAKSHIT |
| SANSKRIT | 100 | YUNEEK |
| CHEMISTRY | 100 | UDAY SAINI |
| MATHEMATICS | 98 | AYUSH |
| BIOLOGY | 96 | ANANYA, ADITYA |
| PHY. EDU. | 98 | ARSHDEEP KAUR |

JEE MAINS 2024

## OUR PHENOMINAL PERFORMERS IN JEE MAINS-2024

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| RAKSHIT 99.6774254 %ile | KIRTI 99.3908601 %ile | ADITYA 99.2981448 %ile | VAIBHAV 99.1448854 %ile | SHABNAM 98.3441038 %ile |
| SATVIK 96.3803926 %ile | DEVANSH 95.9458255 %ile | GEETANJALI 95.4603971 %ile | ARPIT 94.5676795 %ile | PRACHI 94.0133696 %ile |

**PRINCIPAL**

# मौसम में बढ़ी गर्मी की तपिश पसीने से तर-बतर हुए लोग

## तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार, दिनभर रहे लोग हलकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भीष्ण गर्मी पड़ने के लिए मशहूर जून का महीना शुरु होने में अभी करीब दो सप्ताह का समय शेष है। मगर मई के महीने में ही मौसम में बढ़ी गर्मी तपिश से लोग हलकान हो उठे हैं। पिछले कई दिन से गर्मी की तपिश बढ़ने से लोग तरबतर हो रहे हैं। शनिवार को भी दिन भर गर्मी की तपिश में दिन भर लोग झूलसते रहे। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लोग अपने शरीर को कपड़ों से ढांककर बाहर निकलने को मजबूर हुए।

- मौसम विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिन तापमान में बढ़ोतरी जारी रहने की संभावना जताई


यमुनानगर में शनिवार को दोपहर के वक्त गर्मी की तपिश से बचने के लिए अपने तन को कपड़े से ढांपकर गंतव्य पर जाती युवतियां।

शनिवार सुबह होते ही सूर्य देव के निकलते ही मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने लगी। जिससे लोग पसीने से तर बतर हो गए। आलम यह रहा कि जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया तापमान भी अपने यौवन पर पहुंच गया। दोपहर के समय कुछ युवक अपने आसपास नहर व तालाबों पर पहुंच गए और पानी में डुबकियां लगाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। वहीं, ग्रामीण इलाकों में लोगों ने दोपहर के समय पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। खास बात तो यह रही कि जरूरी काम के लिए घरों से बाहर निकले लोगों ने मुंह व सिर पर कपड़ा लपेट कर गर्मी से बचने का प्रयास किया।

### गर्मी में बच्चों को न निकलने दें बाहर

फिजिशियन डॉ. रोहित ने लोगों से गर्मी के मौसम में बच्चों को बाहर न निकलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौसम में दिनों बढ़ रहे तापमान को देखते हुए बच्चों को धूप में बाहर नहीं निकलने दें। वहीं, उनके खान पान का भी ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि गर्मी की तपिश में हीट वेव होने का खतरा बन जाता है। इसलिए हीटवेव से बचाव को लेकर बच्चों को अधिक से अधिक पानी पिलाएं, गर्मी में बाहर ना निकलने दें और तैलिया वस्तुओं का सेवन ना करवाएं।

शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेलसियस तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले कुछ दिन तापमान में बढ़ौतरी जारी रहने की संभावना है।

# रादौर के बिजली निगम कार्यालय में वाटर कूलर खराब होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के बिजली निगम कार्यालय के बाहर रखा ठंडे पानी का वाटर कूलर काफी दिनों से खराब पड़ा है। जिस कारण कार्यालय में आने वाले लोगों को पीने के लिए ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोगों में रोष है।

- कार्यालय में आने वाले लोगों को नहीं मिल रहा पीने का पानी
- खराब वाटर कूलर पर अबतक किसी की अधिकारी की नजर नहीं पड़ी

क्षेत्रवासी रोशन, दिलबाग व राहुल ने बताया कि बिजली निगम कार्यालय में लोग अपने काम से आते हैं। मगर यहां पर लगाया गया वाटर कूलर काफी दिनों से खराब पड़ा है।

उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बिल भरने वाले उपभोक्ताओं को वाटर कूलर खराब होने के कारण पीने के पानी के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लेकिन बिजली निगम कार्यालय के बाहर रखे खराब वाटर कूलर पर किसी की अधिकारी की नजर नहीं पड़ी है। उपभोक्ताओं को पीने योग्य पानी उपलब्ध करवाना विभाग की जिम्मेदारी बनती है। बिल भरने आए लोगों ने बताया कि वह लंबे समय से बिजली निगम के कार्यालय में बिल भरने आ रहे है। कार्यालय के बाहर लगा वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा है। विभाग को अप्रैल माह में ही वाटर कूलर रिपेयर करवा लेना चाहिए था।


यमुनानगर के रादौर बिजली निगम कार्यालय में खराब पड़ा वाटर कूलर।

# विद्यार्थियों को सिखाए योग के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिले में हरियाणा योग विभाग व आयुष विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे योग शिविरों की श्रृंखला में शनिवार को खजूरी के श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। आयुष योग सहायक दीपक बडोला ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य व महानिदेशक आयुष विभाग डॉ. अंशज सिंह के निर्देशानुसार जिले मे जिला योग समन्यवयक डॉ. सुनील कांबोज व जिला योग विशेषज्ञ डॉ. शिव सैनी की देखरेख स्कूलों व योगशालाओं मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है।

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी में तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ


यमुनानगर के खजूरी में आयोजित योग शिविर में योग क्रियाएं करते विद्यार्थी।

उन्होंने कहा की श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल खजुरी मे तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्कूल के चेयरमैन महिपाल राणा व प्रधानाचार्य दीपिका चौहान का योगदान योगदान है।आयुष योग सहायक अमित शर्मा व योगा इंस्ट्रक्टर निशा रानी के कहा की आज योग शिविर में पहले दिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया है। प्रधानाचार्य दीपिका चौहान ने आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग का धन्यवाद करते हुए कहा की सभी विद्यार्थियों में योग के प्रति दिलचस्पी दिख रही है। मौके पर उप प्रधानाचार्या पूजा वर्मा, प्रदीप, गायत्री, वीना, नीलम व सचिन आदि मौजूद रहे।

# जनसेवा से बढ़कर नहीं है कोई पुण्यकर्मः डॉ. निर्मल

## निर्मल अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जनसेवा सेवा से बढ़कर समाज में कोई अन्य पूण्य कर्म नहीं है। हमें समाज हित के लिए हमेशा जनसेवा के कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेते रहना चाहिए। उक्त बात शहर के वरिष्ठ अस्थमा विशेषज्ञ एवं मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह ने शनिवार को शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान कहे।

- शिविर में 270 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दी दवाइयां

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 270 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान अधिकांश मरीज दमा, सांस, शुगर, हृदय व रक्तचाप से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों से पीड़ित मिले मरीजों को अस्पताल की ओर से मुफ्त दवाइयां दी गई। इस दौरान मरीजों को बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। मौके पर मरीजों के रक्त की जांच भी की गई।


यमुनानगर के निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

### चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना जारी रहेगा

मुख्यातिथि एवं अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि गर्मी में तपिश बढ़ना सांस, अस्थमा व हृदय रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए काफी नुक्सानदायक है। इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों को तेज धूप में बाहर नहीं निकलना चाहिए। उन्हें गर्मी के मौसम में तलीय पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए और अपने खानपान में ऐहतियात बरतना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्मल अस्पताल में पिछले कई वर्षों से जनसेवा को लेकर हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। क्योंकि जनसेवा बढ़कर समाज में कोई पुण्यकर्म नहीं है। उन्होंने बताया कि आज भी अधिकांश लोग बीमारी से पीड़ित होने के बावजूद अस्पतालों में अपनी जांच करवाने नहीं जाते हैं। ऐसे मरीजों को इस प्रकार के शिविरों के आयोजनों से लाभ मिलता है। डॉ. निर्मल ने बताया कि भविष्य में भी अस्पताल की ओर से मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना जारी रहेगा। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच कर दवाइयां दी गई। मौके पर शिविर में आए मरीजों ने निर्मल अस्पताल की इस पहल की सराहना की।

# चुनाव आयोग की हिदायतों का कड़ाई से करें पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

लोकसभा आम चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने को लेकर सामान्य ऑब्जर्वर डॉ. मेधावी खोड़े चवरे ने यमुनानगर में क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार व एआरओ रादौर विधानसभा जय प्रकाश से चुनाव के सफलता पूर्वक आयोजन को लेकर बातचीत कर तैयारियों संबंधी बातचीत की।

- सामान्य ऑब्जर्वर डॉ.चवरे ने लोकसभा चुनावों को लेकर यमुनानगर में क्रिटिकल बूथों का किया निरीक्षण

सामान्य ऑब्जर्वर डॉ. माधवी खोड़े चवरे ने सबसे पहले राजकीय आईटीआई यमुनानगर में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रादौर विधानसभा के एआरओ जय प्रकाश व चुनाव सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रादौर विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। चवरे ने कहा कि चुनाव आयोग की हिदायतों की शत प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित की जाए। बेहतर समन्वय बनाकर इस कार्य को करना है। उन्होंने कहा कि टीम के सभी सदस्य ईमानदारी व लग्न से काम करें। उन्होंने लोगों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। सामान्य ऑब्जर्वर डॉ. माधवी खोड़े चवरे ने अधिकारियों को चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई घटना न घटे इसके लिए पहले ही सभी कार्य पूरे कर लेने के निर्देश दिए।

# मलेरिया की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को सावधानी रखनी चाहिए। इन दिनों में डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने का अंदेशा बना रहता है। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिलेवासियों को मच्छर जनित बीमारियों से सावधानी रखने के लिए आहवान किया है। उन्होंने शनिवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित विभाग मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव संबंधित कार्य प्राथमिकता से करें। कार्यालयों में लगे हुए कूलर व आस पास जलभराव वाले स्थानों की सफाई करवाएं। मलेरिया फैलाने वाला एनाफिलीज मादा मच्छर पानी एकत्रित होने से पनपता है। मलेरिया की रोकथाम के लिए जरूरी है कि मच्छर पैदा ना होने दें। डेंगू फैलाने वाला एडीज मादा मच्छर दिन में काटता है और साफ पानी में पनपता है। यह मच्छर 200 मीटर क्षेत्र में ही रहता है। जिसकी वजह से एक घर में डेंगू होने पर सभी सदस्यों व आस पास के क्षेत्रों में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है।

- मच्छर जनित बीमारियों से सावधानी रखने के लिए उपायुक्त ने जिलेवासियों को किया आहवान

### -लारवा की जांच के लिए पानी के ले सैंपल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मच्छर के लार्वा की चेकिंग के लिए पानी के सैंपल लिए जाएं। इस दौरान लारवा मिलने वाले घर के मालिक को नोटिस देकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्र में अगर कोई व्यक्ति जलभराव करता है। उसके खिलाफ चालान किया जाए। घरों व कार्यालयों के आस पास पानी इकट्ठा न रहने दें। उन्होंने कहा कि मच्छर के काटने से डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी घातक बीमारियां होती हैं। इसलिए कहीं भी अपने आस पास जलभराव ना होने दें। क्योंकि विभिन्न जगहों पर जलभराव की वजह से मच्छर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है।

# लोगों को एड्स के बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के सिविल अस्पताल में शनिवार को विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया गया। इस दौरान लोगों को एड्स के बारे जागरूक किया गया। अस्पताल के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 18 मई को विश्व एड्स वैक्सीन दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को वैक्सीन या टीके के प्रति जागरूक करना और एचआईवी एड्स के प्रति शिक्षित करना है। इस दिवस को एचआईवी वैक्सीन अवेयरनेस डे के रूप में भी जाना जाता है। एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है, एचआईवी टीका क्या है, एचआईवी एड्स की ओर कैसे जाता है, इसे जानना सभी के लिए बेहद जरूरी है। एड्स एक जानलेवा बीमारी है। ऐसे में इसके बारे में संपूर्ण जानकारी रखकर ही इस रोग से अपना बचाव करना संभव है। एचआईवी वैक्सीन अधिवक्ताओं ने एचआईवी संक्रमण और एड्स से बचाव के लिए टीके की निरंतर तत्काल आवश्यकता को बढ़ावा देकर इस दिन को चिह्नित किया है। एचआईवी से संक्रमित लोगों में लम्बे समय तक एड्स के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते।


रादौर सिविल अस्पताल में जानकारी देते एसएमओ डॉ. विजय परमार।

- सिविल अस्पताल में मनाया गया विश्व एड्स वैक्सीन दिवस

## खबर संक्षेप



### विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन

रादौर। गऊ माता रक्षा एवं सर्व विश्व शांति के लिए गांव बापोली में संत मलूक गिरी कि अध्यक्षता में हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

हवन यज्ञ में सभी ने आहूति डालकर विश्व शांति की कामना की। पूजा पाठ एवं हवन का सम्पूर्ण कर्मकांड पंडित राजेंद्र भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमाना संत बीजा गिरी, संत राजा गिरी, संत पवन गिरी, संत दीप गिरी, संत लम्प गिरी, सरपंच रोहित शर्मा, चौधरी कंवरपाल सांगवान, चौधरी राजन मलिक, सुभाष कटारिया, बीरसिंह, अंकित, संजू, रवि चन्ना, सरन कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### रॉड व डंडों से हमला कर युवक को किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की हरिनगर कॉलोनी में चार युवकों ने रॉड व डंडों से हमला कर मिश्रा कॉलोनी निवासी विशाल को घायल कर दिया। आरोपियों ने उसकी बाइक भी तोड़ दी। मिश्रा कॉलोनी निवासी विशाल ने बताया कि वह इस्जैक कंपनी में हेल्पर की नौकरी करता है। वह शाम को पीर की दरगार से माथा टेककर वापस लौट रहा था। जब वह हरिनगर कालोनी की गली में पहुंचा तो सुरज, लूला, जानू व डमरु नाम के युवकों ने उसे रोक लिया। उस पर रॉड व डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी बाइक भी तोड़ दी। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### नेत्र चिकित्सा शिविर में बांटे निःशुल्क चश्मे

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय जनकल्याण सेवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को कैंप में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के नेत्रों के जांच की और उन्हें निशुल्क दवाईयां व चश्में वितरित किए। शिविर का शुभारंभर मंच के प्रदेश अध्यक्ष रोहित वर्मा ने किया।

शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें संस्थान की ओर से निशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए।

मौके पर संस्थान के सोम पाल, रमेश, गोपाल, रोहन व सुरेश आदि मौजूद थे।

### दो घरों से साढ़े छह लाख रुपये व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** जिले के गांव झिंझरो में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर साढ़े छह लाख रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। गांव झिंझरों निवासी देवी चंद के घर से करीब साढ़े तीन लाख रुपये की कीमत के आभूषण गायब मिले। कुछ देर बाद उसे पता चला कि चोरों ने उनके पड़ोसी अशोक के घर से भी चोरी की है।

## औचक निरीक्षण

### स्वास्थ्य अधिकारियों व चिकित्सकों को दिए दिशा निर्देश

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा ने अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

# मरीजों के प्रति सहज व सहायक रहें स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मीः डॉ. पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाऐं हरियाणा डॉ. रणदीप सिंह पूनिया द्वारा शनिवार को जिला यमुनानगर के उप-सिविल अस्पताल जगाधरी व मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह भी मौजूद रहे।

- स्वास्थ्य विभाग नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

शनिवार को सबसे पहले महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. रणदीप सिंह पूनिया उप-सिविल अस्पताल जगाधरी में पहुंच गए। उन्होंने उप सिविल अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके बाद उन्होंने मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्मचारियों को मरीजों के प्रति सहज व सहायक होना चाहिए। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे पहले मरीजों की समस्याओं का निदान करें। डॉ. पूनिया ने कहा कि मरीजों प्रति लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी व कर्मचारी के प्रति सहानुभूति नहीं बरती जाएगी तथा अनुशास्निक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी को वर्दी पहनने के निर्देश दिए।


यमुनानगर के उप सिविल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा डॉ. रणदीप सिंह पूनिया।

### कौशल रोजगार निगम के कर्मी की सेवा निरस्त करने के आदेश

डॉ. पूनिया ने उप सिविल अस्पताल के रिसेप्शन कॉटर पर मरीज के अभिभावक के रूप में कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी से बात की। बातचीत के दौरान कर्मचारी का व्यवहार संतोषजनक नहीं था तथा वह अपने फोन में व्यस्त रहा। जिसे मौके पर ही महानिदेशक द्वारा उक्त कर्मचारी की सेवाओं को निरस्त करने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एएनएम सरोज के कायोंरे की प्रशंसा करते हुए उसे उत्तम कार्य के लिए प्रशंस्ती पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. मनजीत सिंह ने बताया कि महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को जिले में बेहतर बनाने के दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिलावासियों तक सभी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचनी चाहिए और स्वास्थ्य कर्मचारियों का मरीजों व उनके अभीभावकों के प्रति व्यवहार संवेदनशील होना चाहिए। सभी कर्मचारियों को नियमों की पालना करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिनकी पालना की जाएगी। इस अवसर पर प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला आदि मौजूद रहे।

# बच्चों की नियमित करवाएं स्वास्थ्य जांचः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीनू शर्मा ने जिले के बाल देखरेख संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के संरक्षण और उनकी देखरेख को लेकर दिशा निर्देश दिए।

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीनू शर्मा ने बाल देखरेख संस्थानों का किया निरीक्षण

आयोग की सदस्य मीनू शर्मा अन्य अधिकारियों के साथ सबसे पहले जिले के छछरौली स्थित बाल देखरेख संस्थान और ओपन शेल्टर होम में पहुंची। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की। इस दौरान बच्चों से उनकी शिक्षा और उन्हें दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संस्थान प्रबंधकों को गर्मी के मौसम को देखते हुए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। आयोग की सदस्य मीनू शर्मा ने बच्चों को नियमित रूप से योग और मेडिटेशन करवाए जाने, संस्थान में स्वच्छता का ध्यान रखे जाने और सीजन के अनुसार उनके खानपान की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को बच्चों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाए जाने विशेष तौर पर गर्मियों में आंखों पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों का संरक्षण बेहद आवश्यक विषय है। बच्चों के पोषण शिक्षा और सवांर्गीण विकास इसमें शामिल हैं। बाल देखरेख संस्थानों में आश्रित बच्चों को मुख्यधारा के साथ जोड़ना मुख्य उदेश्य है। मौके पर आयोग सदस्य मीनू शर्मा द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 और 112 का पोस्टर संस्थान में डिस्प्ले किया। मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई से कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा, संरक्षण अधिकारी प्रीति शर्मा व बाल कुंज प्रभारी सरबजीत सिंह सीबिया तथा अधीक्षक मोना आदि मौजूद रहे।


यमुनानगर के छछरौली बाल देखरेख संस्थान में निरीक्षण के दौरान पोस्टर का डिस्पले करती आयोग की सदस्य मीनू शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## गांव डोडाखेड़ी में कहासुनी के बाद मारपीट में सरपंच घायल

# जमीनी विवाद के चलते सरपंच की पत्नी की मौत

### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। अस्पताल में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

गांव डोडाखेड़ी में जमीनी विवाद में हुए झगड़े में गांव के सरपंच अनिल कुमार की पत्नी यशोदा की मौत हो गई व अनिल कुमार घायल हो गया। पुलिस ने इस संदर्भ में सरपंच के भाई सुनील कुमार की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुनील कुमार ने बताया कि डोडाखेड़ी गांव में उनकी 2 कनाल 8 मरले जमीन है। जिसकी शुक्रवार को गांव के मोजिज व्यक्तियो के बीच निशानदेही कराई थी। उसके ताऊ का लडका अशोक कुमार का भी मुस्तका खाते में जमीन का कुछ हिस्सा था। उन्होंने अशोक कुमार का हिस्सा अलग निकाल दिया था। अशोक कुमार इस बात से सहमत नही था। इस संबंध में उनकी सुबह 7 बजे के करीब बिरादरी का पंचायत भी हुई थी। अनिल कुमार व अशोक कुमार के साथ पंचायत में भी कहासुनी हो गई थी। उसके बाद अशोक ने अनिल को कहा कि तू खेत में आ जहा पर निशानदेही हुई थी और कहा कि मैं तेरे को देखता हुं। सुबह कखेत में अशोक अपने परिवार सहित और उसका भाई अनिल वा उसकी पत्नि यशोदा सभी खेत में आ गए थे। वहा पर अनिल कुमार व अशोक कुमार की गाली गलौच हुई और दोनो तैश में आ गए। फिर अशोक ने अनिल को थप्पड मारे और जमीन पर गिरा लिया। जब अनिल कुमार की पत्नि यशोदा अपने पति अनिल को छुड़वाने लगी तो अशोक ने यशोदा को पेट मे लात मारी और अनिल को भी डंडे मारे। फिर मीना देवी पत्नि अशोक ने अनिल कुमार को डंडे मारे। उसी समय शाक्षी पुत्री असोक ने यसोदा के बाल पकड लिए और अशोक की बडी लडकी रेणुका ने यशोदा की टागो पर डंडा मारा। लडाई झगडा की आवाज सुनकर बीर सिह पुत्र कली राम व रवि पुत्र हरि राम भी मौका पर आ गए। उन्होने लडाई को छुटवाया। उसी समय उसने व रवि कुमार व बीर सिह ने प्राईवेट व्हीकल का इंतजाम करके अनिल व उसकी पत्नि यशोदा को सरकारी हस्पताल कुरूक्षेत्र ले गए जहा पर डाक्टर ने चैक करने पर यशोदा को मृतक घोषित कर दिया और अनिल कुमार इलाज के लिए सरकारी हस्पताल कुरूक्षेत्र में दाखिल कर लिया। पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## बालाजी संकीर्तन में झूमे श्याम भक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद


शाहबाद। श्रीश्याम दरबार में हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी पहुंचे

श्रीश्याम एवं बालाजी संकीर्तन का आयोजन नगर की नई अनाज मंडी में श्रीश्याम कुटुंब शाहाबाद द्वारा करवाया गया जिसमें राजस्थान खाटू श्याम से पधारे विशेष रूप से महंत मोहन दास के सानिध्य में करवाया गया। सुबह सर्वप्रथम हवन यज्ञ करवाया गया। शाम को श्याम बाबा की ज्योति प्रचंड की गई। रात को आई हुई समस्त संगत के लिए श्याम रसोई का आयोजन किया गया जिसमें आई हुई संगत ने प्रसाद चखा जिसमें जयपुर से भजनिक श्याम पारीक, रश्मि शर्मा समस्तीपुर, मोहित गोयल पानीपत, राजेश गोयल सिरसा, विनय शर्मा शिव मंदिर के पुजारी बीड़ बबरान धाम हिसार ने खाटू श्याम जी के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया जिससे पूरा वातावरण श्याममय हो गया। आई हुई पूरी संगत श्याम प्रेमी झूमने को विवश हो गए। श्याम प्रेमी अभास सिंगला, अनुभव सिंगल और वरुण गुप्ता ने बताया यह संकीर्तन हर वर्ष करवाया जाता है। यह तीसरा संकीर्तन है जिसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी पहुंचे।

## 9 विद्यार्थियों का ट्रेवल कम्पनी में हुआ चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के 9 विद्यार्थियों का सत्र 2023-24 में विभिन्न ट्रेवल कंपनियों में चयन हुआ है। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। पर्यटन क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ट्रायंगल, ट्राईकलर, होलिडेज, इंटरसाइट में कृतिका, प्रेरणा, अभिषेक, पुलकित, विनोद, गर्व, सृष्टि, हितेष, आंचल का चयन हुआ है। इस मौके पर आईआईएचएस की प्रधानाचार्या डॉ. रीटा, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. संजीव गुप्ता, पूर्व कुटा अध्यक्ष प्रो. परमेश कुमार, डॉ. अतुल रसिका, पर्यटन विभा के डॉ. विनीत, डॉ. रेणु मालरा, पूर्व कुटा अध्यक्ष डॉ. विवेक गौड़, डॉ. निर्मल व डॉ. पवन ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

## राजकीय विद्यालय में हुआ मेडिटेशन कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** पिपली कुरुक्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सहजयोग ध्यान केंद्र द्वारा सहजयोग की संस्थापिका परम पूज्य माताजी निर्मला देवी द्वारा सिखाए गए कुंडलिनी जागरण एवं आत्म साक्षात्कार अनूभिति का 5 दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। वास्तव में यह कार्यक्रम तीन दिवसीय था, किन्तु प्रिंसिपल शशि किरण ने छात्रों के सीखने की जिज्ञासा को देखते हुए इसे दो दिन और बढ़ा दिया। प्रारम्भ के तीन दिन सहजयोग टीम की साधक डॉ पूजा सिंह ने बताया कि वैसे तो मानव शरीर में अनंत नाड़ियां हैं किन्तु मानव शरीर में स्थित शूक्ष्म मानव में भूतपूर्व काल की इड़ा नाड़ी, भविष्य काल की पिंगला नाड़ी और वर्तमान की सुषमना नाडी हैं। इन नाडीयों की सफाई और इन पर विराजित देवी देवताओं के गुणों का वर्णन किया गया। तत्पश्चात साधक मृगाक्षी भारद्वाज द्वारा सभी विद्यार्थियों को आत्म साक्षात्कार की अनुभूति करवाई गई।

## सरदार करतार सिंह नर्सिंग कॉलेज में मनाया नर्सिंज डे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद



सरदार करतार सिंह हेयर नसिंर्ग कॉलेज में अतंराष्ट्रीय नर्सिंज डे बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग प्रस्तुति दी गई। कॉलेज प्रंबधक डा. गुरदीप सिंह व हेयर हस्पताल से डा. परमजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। कॉलेज की प्रिंसिपल रेणु ने बच्चों को बधाई दी व नर्सिंग की महत्वता के बारे में बताया। कॉलेज का स्टॉफ बलजिन्द्र कौर, अमन, रूबल, सोनू व अन्य सभी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## गर्मी के मौसम में रखे सेहत का खास ख्याल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि प्रदेश भर में गर्मी एवं तेज धूप का असर दिख रहा है इसलिए इस गर्मी के मौसम में सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। तपती गर्मी व लू चलने से हमारा शरीर हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन की चपेट में आने लगता है। इसलिए इस भयंकर गर्मी के मौसम में सभी को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खास सावधानी बरतने की जरूरत है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

## भारतीय दलित-पिछड़ा एकता मंच ने दिया नवीन जिन्दल को समर्थन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय अनुसूचित जाति पिछड़ा एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा व कमेरा वर्ग के लोग लाखों वोटों से नवीन जिन्दल को विजयी बनाएंगे। यहां आज भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री दहिया ने कहा कि नवीन जिन्दल एक सर्वजातीय नेता हैं और उनमें समाज सेवा का जज्बा है। उन्होंने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे नवीन जिन्दल को भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व ऊर्जा मंत्री श्री ओपी जिन्दल दलितों-पिछड़ों के उत्थान के लिए समर्पित थे। उन्होंने हजारों जरूरतमंदों को खुशहाली का मार्ग दिखाया। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए नवीन जिन्दल भी सेवा की राजनीति कर रहे हैं। आम आदमी परिवर्तन पार्टी ने भी दिया समर्थन कुरुक्षेत्र। आम आदमी परिवर्तन पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार दहिया ने भी नवीन जिन्दल का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल एक कर्मठ नेता हैं। इस अवसर पर स्नेहलता निम्बल, संतोष नागर, प्रमोद अग्रवाल आदि मौजूद थे।



### जाट समाज का जिन्दल को समर्थन

*चुनाव के लगभग एक सप्ताह बाकी हैं लेकिन इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल को समर्थन देने वालों की कतार लंबी होती जा रही है। आज सुबह कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से हजारों की संख्या में जाट समाज के लोग सांवला स्थित जिन्दल हाउस पहुंचे और उन्होंने एक स्वर में नवीन जिन्दल को अपने समर्थन का ऐलान कर दिया। समर्थन करने वाले अग्रणी लोगों में अक्षित बालयान खैरा, जितेंद्र खैरा, प्रधान सरपंच एसोसिएशन, दूनी चंद, प्रधान सरपंच एसोसिएशन, जंगशेर जैनपुर, जयपाल बांगड़, प्रदीप खेदापुर, रविंद्र नंबरदार उमरी, रामकरण, रणदीप नंबरदार गुढ़ा आदि प्रमुख थे।*

### जन-जीवन प्रभावित, सुनसान नजर आ रही सड़कें

# गर्मी का प्रकोप, 44 डिग्री पहुंचा तापमान

- गर्मी से बचाव को लेकर ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ रही
- सब्जियां व फसलें हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। कपड़े से मुंह ढककर जाते वाहन चालक।

भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान के कारण लोगों का हाल-बेहाल है। सुबह दस बजते ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आती है। शाम पांच बजे के बाद कुछ राहत लोगों को मिलती है। गर्मी से बचाव को लेकर ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ रही है। लोग मीठे व ठंडे पानी की छबील भी लगा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते लोग दोपहर के समय सड़कों पर पेड़ों की छाया में आराम करते हुए नजर आते हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस समय गर्मी का प्रकोप ऐसे ही जारी रहेगा। इस मौसम में सब्जियों व हरे चारे की फसल प्रभावित हो रही है। फसल के बचाव को लेकर किसान पानी देते रहें, इससे खेतों में नमी बनी रहेगी और पौधे को नुकसान नहीं होगा।

### घरों में रहने के लिए विवश

गर्मी की तपिश व गर्म हवाओं के प्रचंड प्रकोप के चलते हर कोई घरों में दुबकने के लिए विवश होकर रह गया है। आलम यह है कि दोपहर के समय सड़कें व बाजार सुनसान हो जाते हैं। पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी ने अब तक के सभी रिकार्ड को पार कर दिया है। लोग गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय पदार्थों का भी सहारा ले रहे हैं। शनिवार सुबह से ही गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया, जो दिनभर जारी रहा। लू चलने से बीमारियां भी बढ़ रही है। उल्टी, दस्त व बुखार के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ रही है।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : Naveen Jindal, H No. 1, Jindal House, Mohan Nagar, Kurukshetra

Name of political party : Bharatiya Janata Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : House of People

*Name of Constituency : 02-Kurukshetra

I Naveen Jindal (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC** | **CC No. 248/2019 (Erstwhile CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006) FIR dated 10.06.2013** | **The matter is listed for further prosecution evidence on 12, 15, 16, 29, 30th July 2024, 12, 13, 20, 21, 27, 28th August 2024** | **In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal block to the Company, CBI had filed a charge sheet bearing CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006. The Special Judge passed orders on charge on 29.04.2016 & 13.07.2018 and vide order dated 16.08.2018 has framed charges u/s 420 IPC, & 120-B/420 IPC and u/s 7, 12 and 13 (1)(d) P.C. Act against all accused persons.** |
| **2.** | **Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC** | **CR Case No. 1/2019 (Erstwhile CRC No. 8/2018 in ECIR No. 12/ DLZO/2014) ECIR dated 11.04.2014** | **The matter is now listed on 06.07.2024 for submission on the supplementary complaint in the present case.** | **In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal to the company, the ED had filed a complaint bearing CRC No. 08/18.** |
| **3.** | **Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC** | **CC No. 314/2019 (Old CC No. 13/2017) In RC No. 2019 2015 E-0004 FIR dated 22.04.2015** | **Further proceedings pending before the Special Judge, (PC Act) (CBI), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi Court has been stayed by the Hon'ble Supreme Court vide order dated 23.08.2022. In view of the aforesaid order, the matter is listed on 04.06.2024 awaiting further directions from the Hon'ble Supreme Court.** | **In relation to the allocation of the Urtan North coal block to the company, CBI had filed a charge sheet bearing number CC No. 13/2017 in RC No. 2019 2015 E-0004. The Special Judge vide its order dated 25.07.2019 has framed charges u/s 420 IPC & 120-B/420 IPC against all accused persons. Thereafter, CBI filed an application for further investigation and the Ld. Special Judge vide its order dated 23.12.2019 has permitted CBI to carry out further investigation.** |
| **4.** | **Enforcement Directorate** | **F. No. ECIR/15/ DLZO/2015/AD / VM** | **Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2015** | **Notice in relation to investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 by Directorate of Enforcement in respect to Urtan North Coal block.** |
| **5.** | **CBI** | **RC No. 221 2014 E 0018 FIR dated 18.10.2014** | **Pending investigation since 2014** | **The present FIR has been registered by the CBI/EO-III, against (i) M/s Jindal Strips Limited (presently Jindal Steel and Power Ltd.). and other unknown Public servants under sections 120-B r/w 409 & 420 IPC and 13(1)(c), r/w 13(1)(d) of Prevention of Corruption Act, 1988 in connection with the allotment of Gare Palma IV/1 Coal block in Chhattisgarh to M/s Jindal Steel and Power Ltd.** |
| **6.** | **Enforcement Directorate** | **F. No. ECIR/24/ DLZO/2014/AD / VM** | **Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2014** | **Notice have been received from the Directorate of Enforcement with regard to an investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 in respect to Gare Palma IV/1 Coal block. Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement.** |
| **7.** | **Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi** | **Original Complaint No. 1601/2022 Complaint dated 17.1.2022** | **As per the order dated 22.3.2022 in the Writ Petition (C) 4604/2022 the Hon'ble High Court of Delhi has ordered that no proceedings before Adjudicating Authority till the next order.** | **Pursuant to Provisional Order No. 10/22 in ECIR No. 24/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 58,00,75,194.00** |
| **8.** | **Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi** | **Original Complaint No. 1514/2021 Complaint dated 26.8.2021** | **The Court vide order dated 04.10.2021 directed that proceedings before the Adjudicating Authority goes on but no final order to be passed. The matter is now listed on 03.09.2024 for further proceedings** | **Pursuant to Provisional Order No. 04/2021 in ECIR No. 12/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 59,34,21,420.00** |
| **9.** | **Smt Arjinder Kaur, Tis Hazari Court, New Delhi MM-6 (C)/THC/Delhi** | **Ct. Case No. 14584/2018 Complaint dated 24.7.2018** | **The Hon'ble Delhi High Court in Cr. M.C. No. 5192/2022, vide order dated 12.10.2022 has stayed further proceedings before the Ld. MM in the Ct. Case No. 14584/2018 till further orders.** | **A private criminal has been filed and the summons have been issued for offences U/s 323/506/120-B of IPC against the accused.** |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL |
| 2 | NIL | NIL | NIL |
| 3 | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी कृष्ण सूद को काबू किया है। अंबाला छावनी के बहादुर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 मई 2024 को किसी ने बंगाली मोहल्ला से उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### धमकी देने वाला आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी हन्नी को शामिल जांच किया है। जग्गी कॉलानी के मनप्रीत सिंह मन्नी शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 मई 2024 को आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी व अन्य ने चौकी मॉडल टाउन के बाहर उससे मारपीट करके गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दिलशाद को शामिल जांच किया है। इस मामले के विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ट्रक चालक ने लापरवाही व तेज गति से ट्रक चलाते हुए उसके लडके को टक्कर मारी, जिससे से उसकी मौत हो गई।

### आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना मे दर्ज घर मे घुस कर हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। गोला के जयपाल ने 30 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 अक्तूबर 2023 को आरोपी सुखजीत उर्फ सुखा व अन्य ने घर मे घुसकर लडाई झगडा कर चोट पहुचाते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

---

बेटियों की पीएम मोदी ने जमकर की तारीफ, कहा अंबाला से दिल्ली से जोड़ने का हो रहा काम, जल्द विदेशों तक होगी उड़ान

# पीएम मोदी की रैली: भाजपा प्रत्याशी को मिली संजीवनी

# किसानों के साथ पूर्व सैनिकों को भी साधने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दस साल में पहली बार अंबाला की धरती पर प्रचार के लिए उतरे पीएम नरेंद्र मोदी कार्यकर्ताओं में उत्साह भर गए। खासकर अंबाला लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की प्रत्याशी बंतो कटारिया को पीएम मोदी की रैली से संजीवनी मिल गई। सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी व किसानों की विरोध की वजह से कटारिया का प्रचार जोर नहीं पकड़ पा रहा था। मोदी के जोश के बाद अब तमाम नेता व कार्यकर्ता उत्साहित दिख रहे हैं। रैली का असर अंबाला के साथ कुरुक्षेत्र व करनाल लोकसभा सीट पर भी पड़ने की बात कही जा रही है। तीनों लोकसभा सीटों के प्रत्याशी पीएम मोदी के साथ मंच पर मौजूद थे।

### किसानों-महिलाओं के साथ पूर्व सैनिकों को साधने का प्रयास

पीएम मोदी ने मंच से कोई बड़ा ऐलान तो नहीं किया। मगर उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को लोगों से जितवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंबाला को दिल्ली से जोड़ने का काम किया जा रहा है। आने वाले दिनो में अंबाला से लोग विदेश भी जा सकेंगे। भाजपा के राज में हरियाणा बड़ा इंडसट्रियल हब बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के लिए हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंबाला से बंतो कटारिया, करनाल से मनोहर लाल, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों उम्मीदवारों को भारी वोटों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों को देश की सरकार विदेश में लेकर जा रही है। राजस्थान के किसानों के लिए सरकार बड़ा अवसर लेकर आई है। देश में ज्यादा गोदामों का निर्माण किया जा रहा ताकि देश में अनाज के भंडारण की दिशा में काम हो सके। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले समय में आलू, प्याज, टमाटर पैदा करने वाले किसानों के लिए कलस्टर बनाने का काम किया जा रहा है।





**अंबाला।** पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित करते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री अनिल विज, मंचासीन पीएम व अन्य नेता साथ ही मौजूद कार्यकर्ता।

### दिवंगत सांसद कटारिया को दी श्रद्धांजलि

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंच से अपने सहयोगी रहे दिवंगत सांसद रतनलाल कटारिया को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज हमारे रतनलाल कटारिया की बरसी भी है। में उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। इस दौरान पीएम ने राफेल का भी जिक्र किया। कहा जब यह लडाकू विमान आसमान में उडता है तो हर किसी को गर्व होता है। उन्होंने कहा कि मैं अगले पांच साल के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं। इससे पहले उन्होंने मां अंबिका, माता मनसा देवी की भूमि समेत पूरे प्रदेश की जनता को भी राम राम किया। उन्होंने कहा किहरियाणा यानी हिम्मत, हरियाणा यानी हौसला, तभी तो हरियाणा धाकड़ है धाकड़। उन्होने कहा कि मोदी ने तो कई सालों तक हरियाणा की रोटी खाई है। हरियाणा की तरह ही मोदी ने दस साल तक सरकार भी धाकड़ चलाई है।

### बेटियों की भी जमकर की तारीफ

पीएम मोदी ने मंच से प्रदेश की बेटियों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने का कि खेलों की दुनिया में हमारी बेटियों ताकत बन रही हैं। बेटियों की उपलब्धियों की वजह से अब सरकार ने भी बेटियों के लिए सैनिक स्कूलों के दरवाजे भी खोल दिए। एनडीए के लिए महिलाओं का पहला बैच ट्रेनिंग ले रहा है। इनमें सबसे ज्यादा हरियाणा की ही बेटिया हैं।

### आपका सपना ही मेरा संकल्प

पीए मोदी ने मंच से कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सत्य की धरती है। इस धरती पर कांग्रेस ने झूठ बोला। मगर मोदी ने हर परिवार की चिंता की।उन्होंने कहा कि मोदी विकसित भारत का संकल्प लेकर निकला है। मेरी इस यात्रा में हरियाणा के भी संस्कार हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह गारंटी देता हूं कि आपका सपना ही मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि दस साल में सरकार ने एमएसपी पर किसानों का अनाज खरीदा है। पहले तो पैसा मिलने में भी कई महीने लगते थे। अब पैसा सीधे किसान के नाम पर बैंक के खाते में जमा हो जाता है। कांग्रेस ने गन्ना किसानों को सिर्फ और सिर्फ धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अब भारत दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है। पूर्व सैनिकों के साथ भी विश्वासघात किया। चार दशक तक कांग्रेस पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन के लिए तरसाती रही। 2013 में उन्होंने जाते जाते वन रैंक वन पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया। अब वह इस कागज को लेकर सैनिकों के सम्मेलन कर रहे हैं। इनकी झूठ बोलने की इतनी आदत है। जब मुझे सेवा का अवसर मिला तो मैंने डंके की चोट पर वन रैंक वन पेंशन का वायदा पूरा किया। उन्होंने 500 करोड़ का खेल खेला था, अब तक वन रैंक वन पेंशन में एक लाख 20 करोड़ रुपया हर परिवार तक पहुंच चुका है। पीएम ने कहा कि जब देश में एक धाकड़ सरकार होती है तो दुश्मन भी कुछ करने से पहले सौ बार सोचता है।

### धारा 370 का भी भाषण में किया जिक्र

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंच से जम्मू कश्मीर से हटाई गई धारा 370 का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में हालात तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जमाने में हरियाणा की वीर माताएं दिन रात चिंता में रहती थी कि कब किस आतंकी का गोला फट जाए, कब किसी पत्थर से उनके फौजी बेटों का सिर फट जाए। दस साल हो गए सब कुछ बंद हो गया। मोदी की धाकड़ सरकार ने 370 की दीवार गिराई। कश्मीर विकास के रास्ते पर चल पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमारी सेनाओं को फौजियों को धोखा देने का रहा है। देश का पहला घोटाला कांग्रेस ने भारत की सेना में ही किया था। इसके बाद बोफोर्स , पनडुब्बी , हेलिकॉप्टर जैसे घोटालों से कांग्रेस ने देश की सेनाओं को कमजोर बनाया। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेटप्रूफ जैकेट भी नहीं मिलती थी, उनके पास अच्छी राइफलें तक नहीं थी। उन्हें लाठी देकर आतंकियों से मुकाबला करवाया जाता था। मोदी सरकार ने देश की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरू किया।



### काले कपड़े पहनकर आए कार्यकर्ताओं को नहीं मिली एंट्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में काले कपड़े पहने लोगों को पुलिस ने बाहर ही रोक दिया। पुलिस ने ऐसे कार्यकर्ताओं को एंट्री ही नहीं दी। साथ ही बैग व पानी की बोतल साथ लेकर आने वाले कार्यकर्ताओं को भी पंडाल में जाने से रोक लिया। पुलिस का कहना है कि रैली से पहले ही यह एडवाइजरी जारी की गई थी कि कोई भी कार्यकर्ता काले कपड़े पहनकर न आए। न ही अपने साथ कोई सामान व बोतल लेकर आए।

### देश अखंड भी बनेगा व समृद्ध भी

अंबाला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि अगर वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो 2047 तक भारत विकसित देशों की श्रेणी में होगा। पीएम मोदी देश को आखंड भी बनाएंगे साथ ही समृद्ध भी। हर घर में खुशहाली होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 25 मई को अंबाला से भाजपा को जितवाने की गारंटी ले लो उसके बाद देश के भविष्य की गारंटी नरेंद्र मोदी की है। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मनोहर लाल त्यागी कहकर पुकारा। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों के विश्वास के प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आए हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में वो करके दिखाया है जो अब तक कोई नेता नहीं कर पाया।

### रैली की वजह सभी रुट डायवर्ट

पीएम की रैली को लेकर सभी रुट डायवर्ट किए थे। अंबाला शहर के लिए कालका चौक से लेकर मानव चौक, जंडली से लेकर बेटी बचाव बेटी पढाओ चौक तक रैली में आने वाले वाहनों को छोड़कर अन्य यातायात को बंद किया था। हिसार से चंडीगढ़ व चंडीगढ़ से हिसार आने जाने वालों को 152डी का इस्तेमाल करने के आदेश दिए गए।

---

# अध्यापक स्थानांतरण नीति को लेकर शिक्षा मंत्री से शिकायत

- कई स्कूलों में खाली रह गए पद
- हरियाणा स्कूल लेक्चर्रर एसोसिएशन की ओर से भेजा लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर अध्यापक स्थानांतरण नीति के तहत तबादले किए जाने की मांग की है। राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि अध्यापक स्थानांतरण नीति के अनुसार हर वर्ष सत्र के प्रारंभ में तबादले किए जाने थे लेकिन विभाग कभी भी सत्र के शुरू में तबादले नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में शिक्षा विभाग के द्वारा अगस्त में ऑनलाइन अध्यापकों के तबादले किए गए थे जिसमें अतिथि अध्यापकों के दूर दूर चले जाने और सही ढंग से वर्गीकरण न होने के कारण किसी स्कूल में एक विषय के ज्यादा अध्यापक पहुंच गए। किसी स्कूल में उस विषय का एक भी अध्यापक नहीं पहुंच पाया जिसके कारण स्कूलों में अव्यवस्था की स्थिति बन गई थी। दिसंबर 2022 में हजारों शिक्षकों को खाली जगह पर प्रतिनयुक्ति पर भेजा गया जो अब तक प्रतिनियुक्ति पर ही चल रहे हैं। अगस्त 2023 में नई अध्यापक स्थानांतरण नीति बना दी गई ताकि सभी स्कूलों में बच्चों को अध्यापक मिल सके लेकिन 2023 में भी विभाग सही प्रकार से तबादले नहीं कर सका और डेपुटेशन पर गए अध्यापकों की समयावधि अगले आदेश तक बढ़ा दी गई थी। इस वर्ष भी विभाग के द्वारा अभी तक भी कोई कार्यवाही शुरू नहीं की है जबकि स्थानांतरण से पहले विभाग के द्वारा पोर्टल अपडेट करने अध्यापकों से पर्सनल प्रोफाइल व सर्विस प्रोफाइल आदि को अपडेट करने की प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लग जाता है संस्कृति स्कूलों में अध्यापक चले गए व सेवानिवृति आदि के कारण बहुत से स्कूल टीचरों से बिल्कुल खाली है और कई स्कूलों में अध्यापक जरूरत से अधिक बैठे है।

# 85 साल से अधिक मतदाताओं ने डाली वोट मोबाइल पोलिंग टीम ने पूरी की प्रक्रिया

- नारायणगढ़ विधानसभा के कई गांवों में बुजुर्गों ने पसंदीदा उम्मीदवार को डाली वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसकी शुरूआत विधानसभा क्षेत्र में की गई है। प्रशासन द्वारा गठित मोबाइल पोलिंग टीम ने उक्त मतदाताओं के घर-घर जाकर पूरी चुनाव प्रक्रिया को अपनाते हुए वोट डलवाने का कार्य किया। क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम यश जालूका ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वृद्ध मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाता जिन्होंने घर से बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने के लिए आवेदन किया था। उनके घर-घर जाकर मोबाइल टीम ने उनकी पहचान सुनिश्चित करने व चुनावी प्रक्रिया को अपनाते हुए वोट डलवाई गई। मतदाता द्वारा वोटिंग करते समय पूरी तरह से गोपनीयता का ध्यान रखा गया है। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई इस नई सुविधा का लाभ उठाते हुए मतदान करने के उपरांत बुर्जुग मतदाताओं ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में उन्हें घर में ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करके चुनाव आयोग व प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। पोलिंग टीम ने सबसे पहले मतदाता की वोटर स्लीप चेक की और मतदाता सूची में नाम चेक किया। वोट डालने के लिए एक मेज पर तीनों तरफ से ढका हुआ वोटिंग क्षेत्र तैयार किया गया, जहां पर मतदाता ने बैलेट पेपर पर अपने पसंद के उम्मीदवार के खाने/ कॉलम में पेन से निशान लगाया, जिसके बाद मतदाता ने स्वयं उसे फोल्ड करके लिफाफे में डाला।

# खट्टर-विज मिले गले, कार्यकर्ताओं के सामने हाथ खड़े कर एकजुटता दिखाने का किया प्रयास

- ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते रैली स्थल पर पहुंचे कार्यकर्ता, परिवहन मंत्री असीम गोयल व पूर्व मंत्री विज ने भी पीएम को दिया स्मृति चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पीएम मोदी की रैली में एक बार फिर पूर्व सीएम मनोहर लाल व पूर्व गृहमंत्री अनिल विज गर्मजोशी से गले मिलते दिखे। इससे पहले विज के मंच पर आते ही जय श्री राम के नारों से पूरा पंडाल गूंज गया।

पहले तो रैली में विज के आने पर संशय बना हुआ था। मगर पीएम मोदी के आने से कुछ देर पहले ही विज रैली में पहुंचे। इसके बाद पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं के सामने उनका हाथ पकड़कर एकजुटता दिखाने का प्रयास किया। विज ने भी गर्मजोशी से मनोहर लाल से हाथ मिलाया। दरअसल राज्य में भाजपा की नई सरकार के गठन के बाद से ही पूर्व मंत्री अनिल विज नाराज चल रहे हैं। नई सरकार में उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं मिली है। कई बार खुलकर उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर लाल के प्रति नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

### परिवहन मंत्री ने भी पीएम को दिया स्मृति चिह्न

मंच पर मौजूद अंबाला शहर के विधायक एवं राज्य सरकार में परिवहन मंत्री असीम गोयल ने भी पीएम नरेंद्र मोदी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इससे पहले पूर्व गृहमंत्री अनिल विज भी पीएम को स्मृति चिह्न दे चुके थे। मंच पर ज्यादातर भाजपा नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटें जितवाने का वायदा किया।

### अव्यवस्था से गुस्से में दिखे कार्यकर्ता

रैली के दौरान अव्यवस्थाओं का भी आलम रहा। रैली में उन लोगों को आने नहीं दिया गया जिन्होंने काले कपड़े पहने हुए थे। इन लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने अंदर जाने नहीं दिया। रैली में न जाने का मलाल इन कार्यकर्ताओं के चेहरे पर साफ नजर आया।इसके लिए सभी ने भाजपा प्रबंधन को जमकर कोसा। रैली में गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी एंट्री नहीं मिली। इसी वजह से ज्यादातर पत्रकार रैली कवर करने से रह गए। पत्रकारों ने रैली की व्यवस्था संभाल रहे भाजपा नेताओं को जमकर कोसा।

### तय समय से लेट पहुंचे पीएम

अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित रैली में पीएम नरेंद्र मोदी तय समय से काफी देर तक लेट पहुंचे। भाजपा की ओर से उनके रैली में आने का समय 12 बजे बताया गया था। मगर पीएम मोदी अढ़ाई घंटे लेट पहुंचे। इसके कारण भारी गर्मी के कारण कार्यकर्ता पसीने से तर तर होते रहे। हालांकि मोदी के आने के बाद कार्यकर्ताओं में नया जोश आ गया। इसी वजह से वे अपने पसीने को भूल गए।

### ढोल नगाड़े बजाते आए कार्यकर्ता

पीएम मोदी की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते कार्यकर्ता रैली स्थल पर पहुंचे थे। अंबाला शहर की तमाम सड़कों पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था।

सभी कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने के लिए बेकरार नजर आए।

इसी वजह से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता मुख्य मंच के सामने पहुंचने की कसरत करते रहे।

